89. भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि में संयुक्त राष्ट्र ने मध्यस्थता की थी।
2. दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के विरुद्ध हमलों का निषेध समझौते पर वर्ष 1988 में हस्ताक्षर किये गए थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

90. मगध साम्राज्य के उदय में निम्नलिखित में से किन कारकों का योगदान रहा?

1. राजगीर और पाटलिपुत्र की भौगोलिक स्थिति
2. गंगा के आसपास उपजाऊ भूमि
3. अपरंपरागत समाज
4. बिंबिसार, अजातशत्रु जैसे महत्त्वाकांक्षी शासक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

91. 'दानव तरंगों' (Rogue Waves) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) दानव तरंगों की ऊँचाई 'सामान्य लहर ऊँचाई' से दोगुनी होती है।
(b) दानव तरंगें बड़े जहाज़ों और ऑइल रिग को निष्क्रिय कर सकती हैं और डुबो सकती हैं।
(c) ये तरंगें अटलांटिक महासागर या उत्तरी सागर तक ही सीमित हैं।
(d) दक्षिण अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर सबसे अधिक दानव तरंगें उत्पन्न होती हैं।

92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CITES ने रेड सैंडर्स को अपनी रेड लिस्ट में 'लुप्तप्राय' श्रेणी में वर्गीकृत किया है।
2. रेड सैंडर्स एक भारतीय स्थानिक वृक्ष प्रजाति है, जिसकी पश्चिमी घाट में एक सीमित भौगोलिक सीमा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

93. भारत-दक्षिण कोरिया व्यापार संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दक्षिण कोरिया एकमात्र राष्ट्र है जिसके साथ भारत ने एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. "कोरिया प्लस" दोनों देशों के बीच निवेश की सुविधा के लिये कोरिया द्वारा शुरू की गई एक योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

94. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में अल्बानिया एक अस्थायी सदस्य के रूप में UNSC में शामिल हुआ है।
2. ब्राजील पहली बार UNSC के अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

95. वह एक ईरानी शासक था जिसने 516 ईसा पूर्व में पंजाब पर कब्जा कर लिया था।

उपर्युक्त कथन के आधार पर शासक की पहचान कीजिये:

(a) जरक्सीज (b) डेरियस
(c) साइरस (d) अलेक्जेंडर III

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिवाला व्यक्तियों या कंपनियों के बकाया ऋणों को चुकाने में असमर्थता है।
2. दिवालियापन ऋण चुकाने में असमर्थता की कानूनी घोषणा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2